## माली मालाकार कल्याण समिति ने मनायी माता सावित्रीबाई फुले की 193वीं जयंती



भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। माली मालाकार कल्याण समिति के तत्वावधान में बुधवार को सेंट्रल सौदा आवासीय कार्यालय में देश की पहली महिला शिक्षिका वीर वीरांगना माता सावित्रीबाई फुले की 193वीं जयंती मनायी गयी। कार्यक्रम की शुरूआत समिति के लोगों ने माता सावित्रीबाई फुले के तस्वीर पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर की। मौके पर समाज के रामगढ़ जिला सचिव उदय मालाकार ने कहा की माता सावित्रीबाई फुले शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाते हुए बालिका विद्यालय का निर्माण करवाया और पहली महिला शिक्षिका होने का भी गौरव पाया। साथ ही शोषित, वंचित व दलितों को एकजुटता का संदेश देते हुए सबों को शिक्षित होने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा की माली मालाकार कल्याण समिति भारत सरकार से मांग करती है कि माता सावित्रीबाई फुले और महात्मा ज्योतिबा फुले को भारत रत्न से सम्मानित किया जाये। साथ ही इनके जयंती को शिक्षक दिवस के रूप में मनाने की मांग सरकार से की। मौके पर सावित्रीबाई फुले के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके बताये मार्ग पर चलने का संकल्प भी लिया गया। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों मुख्य रूप से समाज के रामगढ़ जिला सचिव उदय मालाकार, उपाध्यक्ष रामकृपाल मालाकार, जिला संयुक्त सचिव धनंजय कुमार, राकेश कुमार, अनिल मालाकार, जोगेंद्र मालाकार, गौतम कुमार मालाकार, वीरेंद्र भगत, नंदलाल भगत, बसंती देवी, रूपा मालाकार आदि शामिल थें।

## जुबिली कॉलेज में शोकसभा का आयोजन



भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य डॉ. आरके दास की माता के निधन पर बुधवार को जुबिली कॉलेज में शोकसभा का आयोजन किया गया। शोकसभा में कॉलेज के शिक्षक-शिक्षकेतर कर्मचारी व छात्र-छात्राओं ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण कर ईश्वर से प्रार्थना की। ज्ञात हो की 1 जनवरी 2024 को जुबिली कॉलेज के पूर्व प्राचार्य डॉ. आरके दास की माता का निधन हो गया था। दिवंगत माता जी को श्रद्धांजलि अर्पित करने वालो में प्रो. प्राचार्य प्रो. एनके तिवारी, डॉ. एकेएस झा, डॉ. महेंद्र पांडेय, प्रो. देवप्रकाश प्रसाद, प्रो. राजेश कुमार, प्रो. आलोक कुमार, प्रो. अर्जुन कुमार मिश्रा, प्रो. टीके झा, प्रो. बालकृष्णा, डॉ. बी रविदास, डॉ. एसपी पांडेय, डॉ. अरूण कुमार सिंह, प्रो. मनोज कुमार दास, प्रो. मनोज प्रसाद, प्रो. मनोज कुमार, डॉ. एसपी दांगी, डॉ. मिथिलेश कुमार, सुशील, कृष्णा, सोमनाथ, प्रो. गोपाल विश्वकर्मा, सुरेश सिंह, कुंदन झा सहित दर्जनों छात्र-छात्राएं शामिल थें।

## चतरा की खबरें

### डीसी ने किया वेयर हाउस का निरीक्षण



चतरा (आजाद सिपाही)। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त अबु इमरान ने आज निर्वाचन कार्यालय स्थित वेयर हाउस का निरीक्षण किया। निरीक्षण के उपरांत प्रशिक्षण और जागरूकता हेतु भारत निर्वाचन आयोग के तय मानकों के आधार पर राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में वेयर हाउस खोला गया तथा राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों द्वारा चिन्हित वेयर हाउस से निकाल कर अलग वेयर हाउस में रखने हेतु आदेश दिया। वहीं उपायुक्त ने सुरक्षा व्यवस्था, ईवीएम का रख रखाव समेत अन्य का जायजा लिया। सीसीटीवी समेत अन्य सुरक्षा मानकों की जांच किया। जांच में सीसीटीवी समेत अन्य क्रियान्वित पाये गये। इस दौरान मौके पर मुख्य रूप से उप निर्वाचन पदाधिकारी अरुण कुमार एक्का समेत विभिन्न राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधि और अन्य कार्यालय कर्मी मौजूद थे।

### राजद की बैठक में सरयू पंचायत अध्यक्ष चयनित

हंटरगंज/ चतरा (आजाद सिपाही)। राष्ट्रीय जनता दल की एक बैठक हंटरगंज के खूंटीकेवाल खुर्द पंचायत में संगठन को मजबूत बनाने हेतु आयोजित किया गया। बैठक की अध्यक्षता भजू यादव तथा संचालन शिवनंदन प्रजापति द्वारा किया गया। बैठक में मुख्य रूप से मंत्री प्रतिनिधि देव लाल यादव जिला परिषद सदस्य सुरेश पासवान 20 सूत्री प्रखंड उपाध्यक्ष वकील खान, राष्ट्रीय जनता दल के प्रखंड अध्यक्ष अशोक कुमार यादव, जिला बीस सूत्री सदस्य जयराम भारती, शैलेश यादव, रामवतार चौधरी, कारू भारती, सुरेश सिंह आकाश कुमार, धनराज कुमार, मुकेश कुमार, सत्येंद्र कुमार, गुड्डू भारती, राकेश कुमार, अखिलेश कुमार, रंजीत कुमार, बाढ़ो भूइया, दिनेश भारती, कमलेश मांझी, बबलू कुमार, सरजू भारती, संजय यादव, प्रमोद मिस्त्री, मंजू भुइया, रामाशीष भारती, टोपी भारती, मुन्नी देवी, समेत सैकड़ों लोगों ने अपनी उपस्थिति दर्ज की। साथ ही साथ सभी लोगों के द्वारा सर्व समिति से निर्णय लिया गया की पंचायत अध्यक्ष के रूप में सरयू भारती और सचेतक के रूप में संदीप कुमार प्रजापति, सचिव प्रमोद मिस्त्री, उपाध्यक्ष संजय यादव को बनाया गया।

### भाजपा कार्यकर्ताओं का विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम



हंटरगंज/ चतरा (आजाद सिपाही)। जोरी मंडल के जोलडीहा पंचायत में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य रूप से महिला मोर्चा अध्यक्ष निशा भारती, मंडल अध्यक्ष जितेंद्र कुमार सिंह, जिला प्रदेश मंत्री युवा मोर्चा अमित साहू, मुखिया सोनिया देवी, युवा मोर्चा महामंत्री दीपक शर्मा, जिला मंत्री, भाजपा, सलैया मुखिया सह मंत्री मनोज पासवान जी महामंत्री परमानंद सररस्स युवा मोर्चा अध्यक्ष राजेश यादव, जिला अध्यक्ष वीरेंद्र और काफी संख्या में नेता कार्यकर्ता उपस्थित हुए। इस मौके पर जेएसएलपीएस से जुड़ी बहनें, आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका, स्वास्थ्य विभाग के कर्मी शामिल हुए। मोदी जी के सैकड़ों जन कल्याणकारी योजना पर वक्ताओं ने अपनी अपनी बात रखी और मोदी जी का हाथ मजबूत करने का संकल्प लिया। इसके अलावा प्रखंड के ग्राम पंचायत दंतार में यह कार्यक्रम आयोजित कर केंद्र सरकार द्वारा दी जाने वाली सभी जनकल्याणकारी योजनाओं कि जानकारी दी गयी। इस अवसर पर जितेंद्र सिंह, शांति देवी, निशा कुमारी, परमानंद सरस, रौनक सिंह, राजु राणा, दीपक शर्मा, पोषण भारती, गोपाल कृष्ण, कामेश्वर, राजेश यादव, मनोज पासवान, निरंजन मिश्रा, आंगनबाड़ी सेविका दीदी जेएसएलपीएस सीसी व महिला समेत सैंकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहें। इन सबों की उपस्थिति में हमारा संकल्प विकसित भारत से संबंधित शपथ लिया गया और इस अवसर पर लाभार्थी ग्रामीणों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति आभार जताया।

## विभिन्न परियोजनाओं के कार्यों को लेकर डीसी ने की बैठक

# भू-अर्जन संबंधित कार्यों को लेकर दिये निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

रामगढ़। छत्तरमांडू स्थित जिला समाहरणालय के सभागार में डीसी चंदन कुमार ने विभिन्न परियोजनाओं में भू अर्जन संबंधित कार्यों को लेकर बैठक कर कई निर्देश दिया। इस दौरान बैठक में डीसी ने भारतमाला परियोजना के तहत भू अर्जन कार्यों को लेकर पैकेजवार अब तक हुए कार्यों की समीक्षा करते हुए जल्द से जल्द मुआवजे के भुगतान की प्रक्रिया पूरी करने का निर्देश दिया।

डीसी ने विभिन्न मामलों में मुआवजे के भुगतान में आ रही समस्याओं के मद्देनजर न्यायालय में इंटरप्लेडर शूट फाइल करने का निर्देश दिया।

साथ ही डीसी ने संबंधित अंचल अधिकारियों को एनएचएआई के अधिकारियों के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में ग्रामसभा आयोजित कर मुआवजे भुगतान में वंशावली सहित अन्य समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करने और इससे संबंधित प्रतिवेदन जिला स्तर पर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।



**डीडीसी को डीसी ने दिये निर्देश**

पथ निर्माण विभाग द्वारा रामगढ़ क्षेत्र अंतर्गत ललकी घाटी से मारंगमर्चा और ललकी घाटी से छत्तरमांडू तक बनाये जाने वाले सड़क संबंधित कार्यों में अब तक पूर्ण की गयी प्रक्रियाओं की समीक्षा करते हुए डीसी ने उप विकास आयुक्त सह अपर समाहर्ता रॉबिन टोप्पो को कार्यों की विस्तृत समीक्षा करने का निर्देश दिया।

**समस्या आने पर दे जिला प्रशासन को जानकारी**

डीसी ने एनएचएआई सहित विभिन्न एजेंसियों के महाप्रबंधकों व प्रतिनिधियों को कार्यों में किसी भी प्रकार की समस्या आने पर तत्काल रूप से इसकी सूचना जिला प्रशासन को देने का निर्देश दिया। इन सब के अलावा बैठक के दौरान डीसी ने बरलांगा कसमार सड़क निर्माण के तहत अब तक हुए कार्यों, विभिन्न परियोजनाओं में एफ आर ए, एनएच 33 चौड़ीकरण परियोजना में भू अर्जन आदि की समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिये।

**बैठक में ये थे उपस्थित**

बैठक में उप विकास आयुक्त सह अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी, जिला भू अर्जन पदाधिकारी, अंचल अधिकारियों, विभिन्न परियोजनाओं के महाप्रबंधकों, प्रतिनिधियों सहित अन्य उपस्थित थे।

## उरीमारी में विस्थापित संघर्ष मोर्चा ने की बैठक

**रोजगार दिलाने की बात करती है : विसमो**

आजाद सिपाही संवाददाता

उरीमारी। उरीमारी स्थित कांटा घर के प्रांगण में बुधवार को विस्थापित संघर्ष मोर्चा उरीमारी/ पोटंगा के संरक्षक राजू यादव के निर्देशानुसार कानू मरांडी की अध्यक्षता में विस्थापित बेरोजगारों की बैठक हुई। संचालन विसमो सचिव महादेव बेसरा ने किया। बैठक में विस्थापित गांव टोलों की मुलभूत सुविधाओं के साथ रोजी-रोजगार की बात की गयी। जिसमें लोकल सेल में ज्यादा से ज्यादा गाड़ी लगाने और पर्याप्त मात्रा में कोयला आपूर्ति करने की बात हुई। साथ ही विसमो के सभी पदाधिकारियों और सदस्यों ने निंदा करते हुए कहा कि विस्थापित संघर्ष मोर्चा विस्थापित क्षेत्र के बेरोजगार लोगों को लिए रोजगार दिलवाने की बात करती है।बल्कि तीनों सेल व्यवस्था उरीमारी, बिरसा और न्यू बिरसा परियोजना में सेल संचालन



समिति द्वारा व्यवस्था शांति पूर्ण तरीके से संचालित हो इसकी कामना करते हैं। इस प्रदर्शन में विस्थापित टोला हेसाबेड़ा, पिंडरा, रोहन गोड़ा, उरीमारी, गंधौनिया, भुरकुंडवा और तिलैया के बेरोजगार लोग शामिल थे। विसमो आगे भी विस्थापित बेरोजगारों के लिए प्रबंधन से रोजगार की मांग करते रहेगी। बैठक में मुख्य रूप से विसमो अध्यक्ष चरका करमाली, पंसस गीता देवी, सचिव महादेव बेसरा, कानू मरांडी, दशाराम हेंब्रोम, तालो बेसरा, सिगू हेंब्रम, जतरु बेसरा, बासदेव सोरेन, सुखदेव सोरेन, मनाराम हांसदा, सीता मुन्नी देवी, फुलमति किस्कू, फुलमनी देवी, तेतरी देवी, शांति देवी, नरेश सोरेन, सहित सैकड़ों महिला पुरुष मौजूद थे।

## ग्रामीणों ने की बीस किलोमीटर के स्पीड से वाहन चलाने की अपील




आजाद सिपाही संवाददाता

बरकाकाना। नव वर्ष के आगमन पर पतरातू प्रखंड के पीरी पंचायत अंतर्गत ग्राम मसमोहना के निगरानी समिति द्वारा गांव के अंदर बीस किलोमीटर प्रति घंटा कि गति से सभी वाहनों को चलाने का निवेदन करते हुए गांव के दो चौराहे पर वोर्ड लगाया गया। निगरानी समिति के अध्यक्ष गोविंद बेदिया ने बताया कि गांव में घनी आवादी क्षेत्र को ध्यान में रखते हुए वाहन चालक से गांव में धिरे चलने आग्रह किया गया हैं जिससे संभावित दुर्घटना न हो सके। बताते चलें कि नव वर्ष के दौरान लोगों द्वारा पिकनिक मनाने के ख्याल से मसमोहना गांव होकर पहाड़ की ऊंचाई तक जाते हैं, जाने के क्रम में लोगो द्वारा अपनी गाड़ियों को अत्यधिक गति से चलाते हैं, जिससे कभी भी दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती हैं, जिसके कारण निगरानी समिति ने गाड़ी को बीस की स्पीड में चलाने का आग्रह किया है। मौके पर निगरानी समिति के सचिव शितल बेदिया, बालेश्वर बेदिया, श्याम बेदिया, कामेश्वर प्रसाद बेदिया, नारायण बेदिया, सत्यम बेदिया, संजीत बेदिया, हिरालाल बेदिया, बलराम बेदिया, जितेन बेदिया, दुखन बेदिया, कुंदन बेदिया, राजेंद्र बेदिया, छटु बेदिया, कौलेशवर बेदिया, अख्तर अंसारी, टिकेंद्र बेदिया, विजय बेदिया, बाले बेदिया, प्रयाग बेदिया, संजय बेदिया, दिवाकर बेदिया इत्यादि लोग उपस्थित थे।

## पत्रकार विजय शर्मा की बहन सुजाता का निधन, पत्रकार समूह ने किया शोक प्रकट



टंडवा (आजाद सिपाही)। पत्रकार विजय शर्मा की बहन सुजाता देवी की रिम्स में बुधवार को निधन हो गया। बहन सुजाता महीनो दिन से लीवर की बीमारी का सामना कर रही थी।परिजनों ने हैदराबाद में सुजाता को लीवर ट्रांसप्लांट कराया।तकरीबन पचास लाख की खर्च होने के बावजूद अंतिम साँस रिम्स रांची ली।बताया जाता है की सुजाता की एक भाई ने लीवर डोनेट किया।लेकिन भगवान को कुछ और ही मंजूर था सुजाता इस बीमारी की इलाज से रिकवर नही हो सकी। सुजाता अपने पति और दो बच्चे को छोड़ गयी।इस दुखद घटना से परिजनों में दुखो का पहाड़ खड़ी हो गयी।टंडवा पत्रकार समूह शोक में डूबे विजय शर्मा के परिवार को ढाढस बंधाया बहना सुजाता की निधन पर पत्रकार विनय सिंहा,रविन्द्र बक्शी,बरूण सिंह,रुदेश नायक,राजेश ठाकुर,अजीज अंसारी,वीरेद्र साहू,विकास कुमार,कुलदीप दास,मनीष कुमार,रविन्द्र दास,कृष्ण मुरारी,शशि पाठक,जितेंद्र सिंह ने शोक प्रकट किया है।ईश्वर उनकी आत्मा को शांति के लिये श्रधांजलि अर्पित किया है।

## दुर्गा होटल में काम कर रहा था बाल मजदूर, श्रम अधीक्षक ने किया रेस्क्यू




रामगढ़(आजाद सिपाही)। रामगढ़ के होटल और दुकानों में बच्चों को काम पर लगाकर उनका शोषण किया जा रहा है। रामगढ़ के श्रम अधीक्षक अभिषेक वर्मा जब निरीक्षण करने निकले तो उन्हें शहर के ट्रैक्टर स्टैंड में संचालित दुर्गा होटल में ही एक बाल श्रमिक मिल गया। श्रम अधीक्षक ने उस बाल श्रमिक दिलीप कुमार को उस होटल से मुक्त कराकर उसके उज्जवल भविष्य के लिए विभागीय स्तर पर पहल शुरू कर दी। इस मामले में होटल मालिक पर कार्रवाई भी की गयी है। श्रम अधीक्षक ने बताया कि होटल मालिक को पहले ही सूचना थी कि बाल श्रमिकों का शोषण करना कानूनी अपराध है। दिलीप कुमार की उम्र मात्र 13 वर्ष है और उसे काम पर लगाकर उसका भविष्य चौपट किया जा रहा है। इस मामले में मेसर्स दुर्गा होटल के मालिक दुर्गा प्रसाद पर बाल श्रम अधिनियम 1986 की धारा 3(1) क और आईपीसी की धारा 374 के तहत प्राथमिक की दर्ज की गयी है।

## मांडू चट्टी पंचायत और मांडूडीह दुर्गा मंदिर में कार्यक्रम

# जब जनता का विकास होगा, तभी भारत विकसित हो सकेगा: जयंत

आजाद सिपाही संवाददाता

मांडू। जब आप सभी जनता की विकास होगी, तब ही विकसित भारत हो सकेगा। बुनियादी सुविधा गांव में सभी ग्रामीणों के घर घर तक पहुंचे, इसके लिए ही मोदी सरकार की गारंटी गाड़ी दौड़ रही है। उक्त बातें हजारीबाग सांसद जयंत सिंहा ने मांडू डीह दुर्गा मंदिर परिसर में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के दौरान कही। उन्होंने दस वर्षों में केंद्र सरकार के द्वारा संचालित योजनाओं से ग्रामीणों को अवगत कराया। साथ ही जनता के अधिकारों के बारे में जानकारी दी। कहा कि यह कार्यक्रम पूरे देश में चलाया जा रहा है। सभी को विकसित भारत संकल्प यात्रा से जोड़ना है। कार्यक्रम में सांसद सिंहा ने ग्रामीणों को मोदी सरकार की गारंटी की गारंटी को बताते हुए



दस-दस लाभ के बारे में अवगत कराया। जिसमे उन्होंने पक्का घर, राशन कार्ड, शौचालय, बिजली, नल में जल, गैस का चूल्हा, बैंक का खाता, आयुष्मान भारत, गांव में पक्की सड़क और बच्चों का टीकाकरण आदि बुनियादी सुविधा के बारे में बताया। इसके पश्चात लोगों को विकसित भारत संकल्प को लेकर शपथ दिलाया।कार्यक्रम में सीएचसी मांडू के द्वारा चिकित्सा शिविर लगाया गया था। जिसमें बीपी, शुगर आदि बीमारियों का जांच किया गया। इसके पूर्व मांडू चट्टी पंचायत सचिवालय परिसर में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उज्ज्वला योजना के तहत जैनब खातून, सीता देवी, ममता कुमारी तीन लाभुकों के बीच गैस सिलेंडर व चूल्हा वितरण किया गया। इसके पश्चात सांसद सिंहा मांडू डीह स्थित प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभुक रूपा देवी पति आनंद पांडेय के आवास पहुंचकर आवास से सबंधित जानकारी लेते हुए लोगों से मिले। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मुखिया बैजनाथ राम, अनिता देवी, जिला अध्यक्ष प्रवीण कुमार मेहता पूर्व जिला अध्यक्ष अमरेंद्र कुमार गुप्ता, सांसद प्रतिनिधि जगेश्वर प्रजापति, डॉ धर्मजीत खेरवार, बीपीओ कमाख्या प्रसाद, मनोज गिरी, कुलदीप प्रसाद, अशोक साहू, मनोहर गुप्ता, तोकेश सिंह, धनंजय प्रसाद चंदन, बालेश्वर भुईयां, राजेंद्र कुशवाहा, बैजनाथ साहू, नवरत्न कुमार मंडल उर्फ ननकू, दशरथ साव, प्रभुवन राम, पवन कुमार, अर्जुन राम, संतोष राम, जयहिंद साव, रोहित कुमार, बैजनाथ राम, निरंजन महतो, बैजनाथ महतो, मुकेश कुमार समेत कई ग्रामीण मौजूद थे।

## अंबे माइनिंग कंपनी ने गांवों में बांटे कंबल




टंडवा (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के मिश्रौल पंचायत अंतर्गत ग्राम फुलवरिया के मारंगलोइया व टेकठा गांव में कंपनी के बैनर तले ठंड की राहत करने के लिये असहाय परिवारों के बीच सैकड़ों कंबल वितरण किया गया। इस अवसर पर कंपनी के कर्मी ने कहा कि गरीब परिवारों को मदद करना कंपनी की पहली प्राथमिकता रहती है। स्थानीय जनप्रतिनिधि के पहल पर कंबल का उपलब्ध कराया गया। पंचायत समिति सदस्य बिमला व उपमुखिया खुशबू देवी ने कंपनी से कहा ऐसे कार्य में कंपनी कतई कोताही न करे, और ऐसे परिवारों के बीच लाभ पहुंचना चाहिये। ग्रामीण लाभुकों ने जनप्रतिनिधि के ऐसे कार्य को लेकर आभार प्रकट किया। इस मौके पर कंपनी के मैनेजर शमीम अंसारी, सौरभ झा और स्थानीय जनप्रतिनिधि पंचायत समिति सदस्य बिमला देवी उपमुखिया खुशबू देवी वार्ड सदस्य राजेन्द्र यादव, समाजसेवी उमेश गंझू, मुनेश गंझू, विनोद गंझू, लखन गंझू, राजेश गंझू, कामेश्वर गंझू, सरयु यादव, सुरेन्द्र यादव, गुड्डी देवी, वार्ड सदस्य सुनिता मिंज व कई महिला पुरुष मौजूद थे।

## मकर संक्रांति सह टुसू मेला को लेकर बैठक



कुजू (आजाद सिपाही)। आगामी 15 जनवरी को मकर संक्रांति सह टुसू मेला महोत्सव कार्यक्रम को लेकर गंधोनिया बूढ़ाखाप में ग्रामीणों की अतिआवश्यक बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता नारायण महतो ने की। बैठक के दौरान 15 जनवरी को मकर संक्रांति व टुसु मेला महोत्सव कार्यक्रम को सफल आयोजन को लेकर विस्तार पूर्वक चर्चा की गयी। साथ ही, सफल संचालन को लेकर एक कमेटी का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष नारायण महतो, उपाध्यक्ष संजय महतो, सचिव कुंवर महतो, सहसचिव दिलीप महतो, कोषाध्यक्ष प्रदीप पटेल, सह कोषाध्यक्ष सुनील कुमार महतो और महेंद्र राज, संरक्षक जगेश्वर मुंडा, गोविंद महतो, जोधन महतो, संस्थापक हेमलाल महतो, व्यवस्थापक विकास महतो व हेमलाल महतो, कार्यकारिणी सदस्यों में कैलाश महतो, महेश महतो, जयनाथ महतो, दिलीप महतो, मुन्ना महतो, भीम महतो, राजेश महतो, विष्णु, राहुल, मनोज, दिनेराम, बीरबल मुंडा, सुरेश मुंडा, जंगल मुंडा, पवन कुमार, छोटन कुमार, धनु, निर्मल, प्रकाश है। मौके पर नारायण महतो, बिट्टू राहुल, गुड्डू, भीम महतो, महेश महतो, विकास महतो, संजय महतो, कैलाश महतो, सुनील महतो, जयनाथ महतो, राजेश महतो, कुंवर महतो, दिलीप महतो समेत कई लोग मौजूद रहे।

## पासवान कल्याण समिति का वन भोज 10 को



पतरातू (आजाद सिपाही)। पीटीपीएस पतरातू में बुधवार को पासवान कल्याण समिति की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता समिति के संस्थापक सदस्य सूबेदार पासवान और संचालन राजकुमार पासवान ने किया। बैठक में मुख्य संरक्षक वंशलोचन पासवान मौजूद थे। बैठक में निर्णय लिया गया कि प्रत्येक वर्ष की भांति 10 जनवरी को पीटीपीएस डैम परिसर में वनभोज सह मिलन समारोह का आयोजन किया जायेगा। इस समारोह में राज्य के कई जिलों से समाज के प्रबुद्ध लोगों का आगमन होगा। यह भी तय किया गया कि पासवान मिलन समारोह के दौरान पासवान कल्याण समिति के केंद्रीय समिति 2024 का चुनाव किया जायेगा। बैठक में मुख्य रूप से सुरेश राम, अरुण पासवान, साधुचरण हाजरा, रामानंद पासवान, पारस पासवान, सुदेश्वर पासवान, अजय पासवान, ननदेव पासवान दिनेश पासवान, केदार पासवान, बालदेव पासवान आदि मौजूद थे।

## पूजित अक्षत और आमंत्रण पत्र का वितरण



रामगढ़ (आजाद सिपाही)। विश्व हिंदू परिषद रामगढ़ नगर इकाई ने अयोध्या से आए पूजित अक्षत वितरण पतरातु प्रखण्ड के सिरकंडेर पंचायत पुरानाडीह कंडेर गांव किया। जिसमें मुख्य रूप से विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री सह आमंत्रण पत्र अभियान प्रमुख मंत्री छोटू वर्मा और ज़िला धर्म प्रचार प्रमुख दिनेश कुमार पाठक, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद झारखण्ड प्रदेश सह मंत्री गौतम कुमार महतो उपस्थित थे। सभी ने घर-घर जाकर अयोध्या से आये हुए पूजित अक्षत और आमंत्रण पत्र को दिया। साथ ही 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाली पूर्ण कार्यक्रम के बारे में विस्तृत रूप से बताया गया। छोटू वर्मा ने कहा कि आगामी 22 जनवरी को हम सभी लोग आपने घर के पास अयोध्या रूपी माहौल बनाना है। अपने ही घर, मोहल्ला, पड़ोसी में मिलकर भव्य रूप से दीपावली से भी बढ़कर इस बार दिवाली मनानी है। जिसमें मुख्य रूप से अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रदेश सह मंत्री गौतम कुमार महतो, विद्यार्थी परिषद के कॉलेज अध्यक्ष नितेश कुमार, उमेश महतो, सुरेन्द्र बेदिया, दीपक बेदिया, सोहरलाला बेदिया, बिमलेश बेदिया, राम जन्म बेदिया, अशोक बेदिया, जोहार लाला बेदिया, अघाणु बेदिया, चंदन कुमार आदि उपस्थित थे।

## आजसू नेता मिले डीएवी आरा प्राचार्य से



कुजू (आजाद सिपाही)। डीएवी आरा के नये प्राचार्य आलोक कुमार से आजसू के रामगढ़ जिला उपाध्यक्ष सह भरेचनगर निवासी जयकिशोर महतो ने शिष्टाचार मुलाकात की। मुलाकात के दौरान बुके भेंटकर कर नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए शैक्षणिक व व्यवस्था पर विस्तार पूर्वक चर्चा की। साथ ही, कहा कि प्राचार्य आलोक कुमार के साथ हमारा मित्रवत संबंध है। उन्होंने डीएवी भरेचनगर में 20 साल शिक्षण सेवाएं दी। निश्चित ही आने वाले दिनों में यह विद्यालय नये प्राचार्य आलोक की अगुवाई में शिक्षा क्षेत्र में एक नई ख्याति प्राप्त करेगी।

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 04 जनवरी, 2024
www.azadsipahi.in



# एसडीओ ने एफसीआइ गोदाम का किया निरीक्षण

**निरीक्षण का प्रतिवेदन उपायुक्त को सौंपी जायेगी**

बलराम शर्मा



**मेराल (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के पीडीएस दुकानदारों की शिकायत पर उपायुक्त शेखर जमुआर के आदेशानुसार बुधवार को सदर एसडीओ विजय कुमार द्वारा मेराल के एफसीआई गोदाम का जांच किया गया। जांच के दौरान एसडीओ के साथ बीडीओ सह एमओ जागो महतो, सीओ यशवंत नायक, प्रखंड प्रमुख दीप माला कुमारी मौजूद रहे। जांच के बारे में पूछे जाने पर एसडीओ विजय कुमार ने कहा कि प्रखंड के कुछ डीलरों द्वारा उपायुक्त को गोदाम प्रबंधक द्वारा कम खाद्यान्न देने की शिकायत की गयी थी, जिसके मद्देनजर आज जांच की गयी। उन्होंने कहा कि जांच के दौरान स्टॉक पंजी, वितरण पंजी तथा खाद्यान्न के रख रखाव आदि की जांच की गयी, जो संतोष जनक नहीं पाया गया। स्टॉक पंजी सत्यापित नहीं होने तथा क्लोज नहीं किए जाने, गोदाम में बेतरतीब तरीके से रखे गये खाद्यान्न के बोड़ा को लेकर एसडीओ द्वारा नाराजगी व्यक्त की गयी। इस दौरान मौके पर उपस्थित डीलरों से भी खाद्यान्न उठाव को लेकर पूछताछ की गयी। डीलर को दिये जाने वाले खाद्यान्न का बोरा का मौके पर वजन कराया गया जो सही था। एसडीओ विजय कुमार ने कहा कि मामले की गहनता से छानबीन की जा रही है, उन्होंने कहा कि निरीक्षण का प्रतिवेदन उपायुक्त को सौंपी जायेगी। मौके पर सीआई कपिलदेव मांझी डीलर संघ के अध्यक्ष मानदेव बैठा, 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष शंभू प्रसाद, डीलर दशरथ राम, सुनील कुमार गुप्ता, बिगावन राम, ईशहाक अंसारी, कृष्णकांत सिंह, आदि कई लोग उपस्थित थे।

## हत्या के ख्याल से घर में लगायी आग, लाखों की संपत्ति जल कर खाक



**रंका (आजाद सिपाही)।** रंका प्रखंड प्रमुख हेमंत लकड़ा के विश्रामपुर पंचायत अंतर्गत पुसतैनी गांव गोरेयाबखार स्थित एस्बेस्टस खपड़ा लकड़ी से बने घर में बितीरात्रि अज्ञात लोगों ने हत्या करने के ख्याल से डेढ़ बजे रात्रि में आग लगा दी। जिससे दो मोटरसाइकिल, अनाज, कपड़े तथा अन्य सामग्रियों सहित लाखों रुपये की संपत्ति जल कर खाक हो गया। इसके संबंध में प्रमुख हेमंत लकड़ा ने बताया कि उनकी हत्या करने की ख्याल से डेढ़ बजे रात्रि में अज्ञात लोगों ने घर में आग लगाया है। उन्होंने बताया कि इस घटना की सूचना मिलते ही रंका प्रभारी थाना प्रभारी पिंकू कुमार राणा अपने दल बल के साथ पहुंचे और घटना की जायजा लिया और अज्ञात लोगों पर प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

# पुत्रियों ने पिता को कंधा देकर समाज की कुरीतियों को तोड़ा

आजाद सिपाही संवाददाता



**हरिहरपुर।** ओपी क्षेत्र अंतर्गत मझिगावां गांव निवासी निर्मल यादव(40वर्ष) पिता देवन महतो की मृत्यु कुंआ में डूबने से हो गयी। परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार निर्मल यादव अकड़हवा टोला पर स्थित अपने पाही पर मंगलवार की शाम भोजन करने के पश्चात अपने पिता के पास सोया हुआ था, दिमागी हालत सही होने की वजह से कभी-कभी दौड़ने लगता था, तभी आधी रात को घरवालों ने देखा कि वह पिता के पास नहीं है, तभी से उसकी तलाश पत्नी और पुत्री के द्वारा किया जाने लगा, पर उसकी कहीं पता नही चल पाया। बुधवार की अहले सुबह ग्रामीणों ने पाही से काफी दूर पर स्थित एक कुंआ में उसकी शव को देखा, उसके पश्चात यह खबर पूरे गांव में आग की तरह फैल गयी। निर्मल यादव अपने माता-पिता का इकलौता पुत्र था वह अपने पीछे माता पिता के साथ पत्नी व दो पुत्री छोड़ गया। निर्मल की एक पुत्री का विवाह हो गया था, दूसरी पुत्री के विवाह की जिम्मेदारी बूढ़े पिता के कंधों पर आ गयी। इधर घटना की सूचना मिलते ही हरिहरपुर ओपी से एसआई रविशंकर मिश्रा दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण हेतु गढ़वा भेज दिया गया। मृतक की दोनों पुत्रियों ने पिता को कंधा देकर अंतिम विदाई किया। अंतिम संस्कार सोन नद के श्रीनगर घाट पर किया गया। घटना की सूचना मिलते ही मुखियापति शंभुनाथ साह, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि सुनील यादव, वार्ड सदस्य सत्यप्रकाश चौबे, विनय रजवार, मुकेश चौबे, जितेंद्र चौबे सहित सैकड़ो ग्रामीणों ने परिजनों को ढांढस बंधवाया।

## सावित्रीबाई फुले की मनायी गयी जयंती



**रमना (आजाद सिपाही)।** मुख्यालय में अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा के द्वारा सावित्री बाई फुले जी की जयंती सह महिला मुक्ति दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत बहनों ने दीप प्रज्ज्वलित और माल्यार्पण कर किया की। इस मौके पर युवा मोर्चा अध्यक्ष रवि कुमार ने कहा कि सावित्रीबाई फुले जी भारत की प्रथम महिला शिक्षिका थी। जिन्होंने महिलाओं को शिक्षित कर सामाज में समानता की नई क्रांति लायी। मौके पर मनीष मेहता, नीरज कुशवाहा, अजीत मेहता, गौतम मौर्या, रूपेश, अनिल मेहता, डॉ राहुल, मनीष कुशवाहा सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## विद्यालय घोड़दाग के प्रधानाध्यापक गणेश महतो की मौत हृदय गति रुकने से हो गयी



**कांडी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के चटनियां पंचायत अंतर्गत मध्य विद्यालय घोड़दाग के प्रधानाध्यापक सह घोड़दाग गांव निवासी 58 वर्षीय गणेश महतो की मौत 3 जनवरी बुधवार की सुबह में हृदय गति रुक जाने के कारण हो गयी। अचानक मौत से विद्यालय परिवार, विभाग और गांव घर में शोक व्याप्त है। श्री महतो मध्य विद्यालय घोड़दाग में 27 सितंबर 2005 में योगदान किये थे। वे लगभग 19 वर्षों तक अपनी सेवा शिक्षा विभाग को दिये। परिजनों ने बताया कि कुछ महीना पूर्व ग्रामीणों के द्वारा किसी मामले को लेकर काफी टॉर्चर किया गया था, जिसके बाद उनका ब्रेन हैमरेज हो गया था। बड़े पुत्र संतोष कुमार पाल ने मुखाग्नि दी। वे अपने पीछे पत्नी तेतरी देवी, तीन पुत्र संतोष, सतीश और सूरज तथा एक पुत्री कुंती कुमारी को छोड़ गये हैं। अंतिम संस्कार में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

## नाबालिग युवती ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**बरडीहा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के लेभरी गांव के मंझार अंसारी के लगभग 14 वर्षीय पुत्री राजी खातून ने मंगलवार की देर शाम अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इसकी सूचना बरडीहा पुलिस को मिली। रात में ही मौके पर पुलिस पहुंच कर पूरी घटना के जानकारी लेते हुए शव को अपने कब्जे में लेकर थाना लायी। वहीं ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार घर में ही एक सुसाइड नोट पत्र मिला है। जिसमें प्रेम प्रसंग का भी मामला प्रतीत हुआ है। वहीं पुलिस द्वारा बुधवार को पोस्टमार्टम हेतु गढ़वा सदर अस्पताल भेजा गया। इस संबंध में जानकारी देते हुए थाना प्रभारी पवन कुमार ने बताया कि कल मंगलवार की देर रात्रि में लेभरी गांव के मंजर अंसारी के नाबालिग पुत्री राजी खातून ने अपने घर में ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बुधवार के दिन कागजी प्रक्रिया के बाद पोस्टमार्टम करा कर शव परिजनों को सौंप दिया गया है। घटना की विशेष जांच की जा रही है।

## 12वीं के छात्र ने फांसी लगा कर की आत्महत्या

**मेराल (आजाद सिपाही)।** थाना मुख्यालय के पूवार्रा टोला में दोपहर करीब एक बजे बीपी डीएवी के 18 वर्षीय छात्र अभिषेक कुमार ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मेराल पुरवारा टोला निवासी शिक्षक राजेंद्र प्रसाद का लगभग 18 वर्षीय पुत्र अभिषेक कुमार का अपने ही नवनिर्मित घर में फांसी के फंदे से लटकता हुआ शव बरामद किया गया। घटना की जानकारी मिलने पर मुखिया रामसागर महतो, भाजपा नेता संजय भगत, सांसद प्रतिनिधि रुपू महतो, उदय मेहता, विजय प्रसाद डॉ लालमोहन सहित बड़ी संख्या में लोग पहुंचकर परिजनों को ढांढस बंधाया।

## मुखिया ने किया कंबल वितरण



**रंका (आजाद सिपाही)।** रंका प्रखंड अंतर्गत सिरोईखुर्द पंचायत के मुखिया कर्मदयाल सिंह ने ठंड से बचने के लिए बुधवार को पंचायत के असहाय गरीब बुजुर्ग दर्जनों महिला पुरुषों के बीच कंबल का वितरण किया। इस अवसर पर झामुमो पंचायत अध्यक्ष राजेंद्र सिंह खरवार, झामुमो नेता अमीन स्यानी सहित काफी संख्या में ग्रामीण जनता उपस्थित थे।

# 'विकसित भारत संकल्प यात्रा'

आजाद सिपाही संवाददाता



**भंडरिया।** प्रखंड के मदगड़ी क पंचायत के बुध बाजार हुआ कर चली पंचायत के कंजिया बाजार प्रांगण वह भंडारिया पंचायत के पंचायत सचिवालय में विकसित भारत कार्यक्रम के तहत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश केसरी सांसद प्रतिनिधि रूप निरंजन सिंन्हा प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित कुमार पंचायत के मुखिया विनय सिंह भाजपा जिला मंत्री ठाकुर प्रसाद महतो के द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश केसरी ने कहा कि व्हाट 2047 तक विकसित भारत बनाने का लक्ष्य है हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम का लक्ष्य समाज के अंतिम व्यक्तियों तक विकास योजनाओं को पहुंचना है जरूरतमंदों को योजनाओं से जोड़ना ही इस कार्यक्रम का उद्देश्य है। वहीं सांसद प्रतिनिधि श्री सिन्हा ने कहा कि देश अपने सबसे सर्वांगीण युग में है पीएम की क्रियाकलापों के कारण अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत के बढ़ते कद प्रतिष्ठा के बारे में भी लोगों को बताया। कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि बिरजू सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेश्वर ठाकुर, पंचायत सचिव मोजेस किस्पोट्टा, रोजगार सेवक विजय कच्छप, अनीमा बाखला, विजय केशरी समेत स्वयं सहायता समूह की महिला व ग्रामीण थे उपस्थित।

## ज्ञाननिकेतन,आरकेपीएस, बालिका विद्यालय और शांति निवास ने अपने-अपने मैच जीते



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** गोबिंद हाई स्कूल के मैदान में खेले जा रहे 22वीं गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के 18वें दिन बालिका वर्ग के राउंड रोबिन लीग मैच में बुधवार को ज्ञान निकेतन बेल चंपा की टीम जीपीएस सेंट्रल स्कूल को 10 विकेट से, आरके पब्लिक स्कूल ने ज्ञान भारती पब्लिक स्कूल रेहला को आठ विकेट से, शांति निवास हाई स्कूल ने आरकेपीएस को नौ विकेट से, बालिक उच्च विद्यालय ने रामा साहू हाई स्कूल को दस विकेट से हराकर अपने अपने पूरे अंक अर्जित किया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार ज्ञान निकेतन बेलचंपा के सुहानी सिंह, सिमरन, आरके पब्लिक स्कूल के कशिश कुमारी, बालिका उच्च विद्यालय के लक्ष्मी कुमारी और शांति निवास के अनन्या को समाजसेवी आनंद दुबे, प्रतियोगिता के उपाध्यक्ष सिस्टर रोशना, धनंजय सिंह पूर्व खिलाड़ी सह शिक्षक मनोज कुमार चौधरी, कमलेश कुमार दुबे, मनोज तिवारी ने प्रदान किया। इस मौके पर पूर्व वार्ड पार्षद दिनेश कुमार, अभिषेक द्विवेदी अभय कुमार, नवनीत कुमार, दिव्य रंजन चौबे, रणजीत तिवारी मनीष, धीरज, प्रिंस खान प्रिंस दुबे शामिल थे।

**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**

**ई-निविदा सूचना संख्या: ईएल-जी-आरएनसी-ओटी-20-यार्ड, दिनांक: 02.01.2024।** भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (जी)/रांची, दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची निविदा सूचना संख्या: ईएल-जी-आरएनसी-ओटी-20-यार्ड, दिनांक: 02.01.2024 के तहत ई-निविदाएं आमंत्रित करते हैं जिसे दिनांक 24.01.2024 को अपराह्न 4.00 बजे या उसके बाद खोला जाना निर्धारित है। **संक्षिप्त विवरण/कार्य का नाम:** सीई की ड्राइंग संख्या बाईडी/एसबाई/25930/09 (चरण II कार्य) के अनुसार लाइन संख्या 7 के परे नयी अतिरिक्त लूप लाइन सहित रांची यार्ड के रूपांतरण के लिए विद्युतीय कार्य। **निविदा मूल्य:** रु. 13,18,560.92। **बयाना राशि/बोली प्रतिभूति:** रु. 26,400। **निविदा बंद होने की तारीख और समय:** 24.01.2024 को अपराह्न 4.00 बजे। **वेबसाइट का विवरण:** https://www.ireps.gov.in। निविदा का विवरण वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर देखा जा सकता है। निविदादाता/बोलीदाताओं के पास क्लास-III डिजीटल सिग्नेचर प्रमाणपत्र अवश्य होना चाहिए और उन्हें आईआरईपीएस पोर्टल पर अवश्य पंजीकृत होना चाहिए। सिर्फ पंजीकृत निविदादाता/बोलीदाता ही ई-निविदा में भाग ले सकते हैं। ई-निविदा में भाग लेते समय निविदादाता को निविदा दस्तावेज के साथ सभी सम्बंधित कागजात अवश्य अपलोड करने होंगे। (PR-990)

# अबुआ आवास को लेकर ग्रामसभा का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**भंडरिया (गढ़वा)।** भंडरिया भंडरिया प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित कुमार के निदेर्शानुसार ग्राम पंचायत सचिवालय भंडरिया में अबुआ आवास के लिए ग्राम सभा का आयोजन मुखिया विनय सिंह की अध्यक्षता में किया गया। झारखंड सरकार के निदेशानुसार पिछले दिनों पंचायत स्तर पर आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत भंडरिया पंचायत में ग्रामीणों के द्वारा 2200 अबुआ आवास का आवेदन औनलाईन प्राप्त हुआ था। मुखिया विनय सिंह ने बताया कि भंडरिया पंचायत के विभिन्न सात गांवों के वार्ड सदस्यों को अपने अपने वार्ड के क्षेत्राधीन अबुआ आवास के योग लाभार्थियों की सूची बनाने का निर्देश दिया गया है, जिसमें साफ-साफ शब्दों में मुखिया ने वार्ड सदस्यों को हिदायत किया है कि वैसे लाभार्थी जो गृहविहीन है विधवा, विकलांग या मिट्टी के घर में रह रहे हैं और जिन्हें कभी भी सरकारी आवास नहीं प्राप्त हुआ है, वैसे लोगों को आवास दिया जाना है। ऐसी स्थिति में अबुआ आवास के लिए सभी तेरह वार्ड सदस्य पारदर्शिता का पालन करते हुए आम सभा के माध्यम से आवास का चयन किया, जिसमें एसटी 183 एएससी 13 ओबीसी 113 मनुरिटी 11 ग्राम सभा मे चयन किया गया है। मौके पर मोजेस किसपोटा उपमुखिया रबिन्दर सिंह भंडारिया पंचायत के ग्रामीण जनता उपस्थित थे।

# अबुआ आवास की सूची के प्रकाशन के साथ ही हंगामा शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरपुर।** स्थानीय पंचायत सचिवालय में बुधवार को आयोजित अबुआ आवास की सूची का प्रकाशन के साथ ही उपस्थित लोगों ने हंगामा शुरू कर दिया। जिस कारण अगली तिथि तक के लिए ग्राम सभा स्थगित कर दिया गया। उपस्थित लोगों ने आरोप लगाया कि ग्राम हरिहरपुर, डगर व रपुरा गांव की सूची में योग्य लोगों का नाम नहीं है। बल्कि सूची में वैसे लोगों का नाम शामिल किया गया है जिनका पहले से पक्का मकान है। साथ ही जिनको पहले से प्रधानमंत्री आवास का लाभ या तो मिल गया है या प्रतीक्षा सूची में नाम है वैसे अयोग्य लाभुकों का नाम शामिल है। उपस्थित भीड़ में चंदन राम, धर्मेंद्र राम, रुणा देवी, अजय यादव, शाहिद हुसैन, चंपा देवी, अनिल, धर्मेंद्र सहित कई महिला पुरुषों ने आरोप लगाया कि जांच करने पहुंचे रोजगार सेवक अनुज रवि को कच्चा मकान दिखाया था। बावजूद उसके पोर्टल पर गलत जानकारी भर कर योग्य को अयोग्य कर दिया गया। बढ़ते हंगामा को पंचायत के मुखिया अनुज कुमार सिंह ने शांत करने की कई बार कोशिश किया, लेकिन उग्र लोगों ने जांच करने वाले अनुज रवि को ग्राम सभा में बुलाने की मांग पर अड़े रहे। उधर गांव के नीतीश चौधरी ने अबुआ आवास का स्थल जांच करने पहुंचे रोजगार सेवक अनुज रवि पर आवास स्वीकृति के नाम पर पांच हजार रुपये मांगने का आरोप लगाया है। जबकि अनुज रवि ने आरोप को निराधार बताया है। मामले में कांडी बीडीओ ललित प्रसाद सिंह ने बताया कि मामले की जांच कराई जायेगी। पंचायत से रिपोर्ट आने दीजिये। वैसे योग्य लाभुक जिनका नाम छूट गया है वे लोग आठ तारीख तक आवेदन दे सकते हैं।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल,खूँटी**

**ई–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

**ई–अल्पकालीन निविदा संख्याः– 20/2023-24/RWD/KHUNTI, दिनांक–03.01.2024**

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, खूँटी द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से पैकेज के रूप में निविदा आमंत्रित की जाती है।

1.कार्य का नामः–

| क्र० सं० | आई०डी० सं०/पैकेज सं० | प्रखण्ड का नाम | पथ का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अंक में | अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD-KHU-STPKG-13/2023-24 | कर्रा | L025- चिउर से हेसला तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं०–4.700 कि०मी०)। | 10,70,54,800.00 | दस करोड़ सत्तर लाख चौंवन हजार आठ सौ रू० मात्र। | 9 माह। |
| | | कर्रा | L029-चरवादाग से एराहातु तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं०–1.760 कि०मी०)। | | | |
| | | कर्रा | टुनगॉव से बरटोली तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं०–3.000 कि०मी०)। | | | |
| | | कर्रा | L052-सरदुला से कसीरा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं०–1.020 कि०मी०)। | | | |
| | | कर्रा | L061- कुरसे से केदिल तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं०–4.500 कि०मी०)। | | | |
| | | कर्रा | L065- पदमपुर से रोन्हे तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं०–4.456 कि०मी०)। | | | |
| | | कर्रा | चॉपी से करमडीह तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं०–1.850 कि०मी०)। | | | |
| | | कर्रा | मानपुर से गुनगुनिया तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं०–1.200 कि०मी०)। | | | |

2 वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथिः– 10.01.2024।
3 ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समयः– 20.01.2024 अपराहन 5.00 बजे।
4 निविदा खोलने की तिथि एवं समयः– 22.01.2024 अपराह्न 3.30 बजे
5 निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पताः– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, खूँटी, पिन–835210।
6 ई– निविदा प्रकोष्ट का दूरभाष सं०:– 9431170803
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग,कार्य प्रमण्डल,खूँटी

PR 315009 Rural Work Department(23-24).D

# दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** जिले के बेरोजगार युवक/युवतियों को रोजगार आपके द्वार कार्यक्रम के अंतर्गत श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण और कौशल विकास विभाग, झारखंड सरकार के तत्त्वाधान में जिला नियोजनालय गढ़वा के प्रयास से जिला नियोजनालय गढ़वा के कार्यालय परिसर में एक दिवसीय दत्तोपंत ठेंगड़ी 'रोजगार मेला' का आयोजन किया गया। जिसमें क्रीएटिव इंजीनियर, बंगलौर, स्पनदना स्फूर्ती फाईनेंस, गढ़वा, ग्रामीण शिक्षा और प्रशिक्षण फाउण्डेशन, वीएफएस कैपिटल रांची, बजाज एलियांज, गढ़वा, युआईएस कौशल केंद्र, रमना, फेस सोसाईटी कौशल केंद्र, गढ़वा, आईसेक्ट कौशल कौशल केंद्र, मेराल, गढ़वा, श्री बनारसी स्वीट्स, गढ़वा आदि सहित कुल -17 निजी नियोजकों ने भाग लिया। जिसमें नियोजकों के द्वारा मेला के लिए कुल-2200 पदों की रिक्ति देकर सहभागी बने। मेला स्थल पर लगभग-650 बेरोजगार युवक/युवतियों ने अपनी सहभागिता दर्ज कराया। मेला का उद्घाटन नीरज कुमार, जिला नियोजन पदाधिकारी, गढ़वा, नितीश कुमार, सहायक निदेशक, समाजिक सुरक्षा कोषांग, गढ़वा तथा साकेत कुमार पांडेय, जिला सूचना और जन संपर्क पदाधिकारी, गढ़वा द्वारा किया गया। बेरोजगार युवक-युवतियों द्वारा 346 आवेदन दी गयी। प्राप्त आवेदनों में से नियोजकों द्वारा टेनर, रिलेशनशिप आफिसर, इलेक्ट्रीशियन, मैनेजर, सेल्स मैन, इंश्यूरेंस एडवाईजर, टेनी आपरेटर आदि विभिन्न सेक्टरों में 105 अभ्यर्थियों को शार्टलिस्टेड और वर्तमान समय तक 36 अभ्यर्थियों को चयनित किया गया। चयनित अभ्यर्थियों को उक्त उपस्थित पदाधिकारियों के हांथों से आफर लेटर वितरण कराया गया। मेला में जिला नियोजन पदाधिकारी नीरज कुमार, सहायक निदेशक, समाजिक सुरक्षा कोषांग, जिला सूचना और जन संपर्क पदाधिकारी, गढ़वा साकेत कुमार पांडेय समेत अन्य लोग थे।




**झारखण्ड सरकार**
**राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग**
**(जिला भू–अर्जन कार्यालय, राँची)**

प्रारंभिक अधिसूचना     भू–अर्जन वाद संख्या–33/2021–22
(अधिनियम–30/2013 की धारा–11 (1) के अधीन)
एन०एच०–75 (टेण्डर मोड़) जगुआर कैम्प (कुल लम्बाई 2.200 कि०मी०) के चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य परियोजना

चूँकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है ग्राम/मौजा–तिलता, थाना–रातु, थाना न॰–94, अंचल–रातु, जिला–राँची में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा परियोजना– एन०एच०–75 (टेण्डर मोड़) जगुआर कैम्प (कुल लम्बाई 2.200 कि०मी०) के चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य परियोजना हेतु अपेक्षित है, प्रभावित परिवारों के पुर्नवासन एवं पुर्नव्यस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता अथवा नियम 2(1) (ख) के तहत् नियुक्त पदाधिकारी प्रशासन के रुप में नियुक्त किए गए है। अतएव अधिसूचित किया जाता है कि ग्राम/मौजा–तिलता, थाना–रातु, थाना न॰–94, अंचल–रातु, जिला–राँची में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश–0.4866 एकड़ भूमि मानक माप का भू–खंड, जिसका विस्तृत विवरणी निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है :–

मौजा–तिलता, थाना नं०–94, अंचल+थाना–रातु

| क्र0 | खाता सं0 | सर्वे प्लॉट सं0 | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं0) उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 03 | 43 | रैयती | टांड–II | 0.4866 | कमल भूषण, पिता–विश्वनाथ भगत | प्लॉट–32 | N.H. रोड | 43 पार्ट | 43 पार्ट |
| | | | | कुल | 0.4866 | | | | | |

यह अधिसूचना भू–अर्जन, पुर्नवास और पुनर्व्यस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 (अधिनियम संख्या 30/2013), की धारा–11(1) के उपबंधों के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, राँची के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यावधि मे किया जा सकेगा। झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता–सह–समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा 12 में यथा उपबंधित एवं यथा विनिर्दिष्ट कार्यो के समुचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने, किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए अवभूमि खोदने या भू–वेधन–छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यो के संचालन करने हेतु जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, राँची और उनके कर्मचारी को प्राधिकृत करती है।

अधिनियम की धारा 11 (4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्त्ता के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय/विक्रय नही करेगा या ऐसा कोई अंतरण नही करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नही उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा 15 के अधीन यथा उपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60 दिनों) के अन्तर्गत भू–अर्जन की बाबत किसी प्रकार की आपत्तियाँ हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, राँची के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

उपायुक्त,
राँची

PR 315029 (Land Reforms)23-24*D

## 12 वर्षीय पुत्र ने शराबी पिता को मारा चाकू




**गुमला (आजाद सिपाही)।** रायडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत सिलम पाकर टोली निवासी 40 वर्षीय बुधराम लोहरा को उसके 12 वर्षीय पुत्र ने सीने में चाकू से वार कर घायल कर दिया। घटना के बाद तत्काल बुधराम की पत्नी उसे लेकर सदर अस्पताल आई जहां उसका इलाज चल रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधराम प्रतिदिन शराब पीकर घर आता है और पत्नी और बेटा से गाली-गलौज और मारपीट करता है। मंगलवार की रात भी वह शराब पीकर आया और पत्नी से मारपीट करने लग गया। वही बीच बचाव करने गए पुत्र को भी गंदी-गंदी गाली देकर मारपीट किया। रोज-रोज के किच-किच से तंग आकर पुत्र ने घर में रखे चाकू से उसके सीने में वार कर दिया। जिससे बुधराम घायल हो गया इसके बाद उसकी पत्नी उसे लेकर सदर अस्पताल पहुंची और उसका इलाज कराया।

# कुआं से बरामद हुआ युवक का शव, आरोपी गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**चैनपुर।** चैनपुर थाना क्षेत्र के भेलवाताला गांव के एक कुआं से पुलिस ने बुधवार की सुबह परहाटोली गांव निवासी सोहरई रौतिया के 17 वर्षीय पुत्र महेंद्र रौतिया का शव बरामद किया है। मृतक महेंद्र रौतिया के पिता सोहरई रौतिया ने बतलाया कि महेंद्र दिल्ली में रहता था 5 दिन पूर्व ही वह घर लौटा था 1 जनवरी को वह पिकनिक मनाने दोस्तों के साथ निकाला था पर शाम से ही वह लापता था। चैनपुर सर्किल इंस्पेक्टर बैजू उरांव ने बुधवार को चैनपुर थाना में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी देते हुए बताया कि परहाटोली निवासी सोहराई रौतिया ने चैनपुर थाने में 6 लोगों के विरुद्ध पुत्र महेंद्र रौतिया 17 एवं अमित रौतिया 25 के साथ मंगल ऑगस्टिन किंडो, अश्विन किंडो, प्रवीण किंडो, जीएस कुजूर, थॉमस टोप्पो एवं अनमोल के द्वरा जान से मारने के नियत से मारपीट किया गया। इसी क्रम में अपनी जान बचाकर भागने के दौरान कुआं में गिरकर डूब जाने से महेंद्र रतिया की मृत्यु हो गई। इधर चैनपुर पुलिस ने मामला दर्ज कर पदाधिकारी के निर्देशानुसार छानबीन एवं तत्वरित कार्रवाई करते हुए इस घटना में शामिल सभी 6 अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। पूछताछ के क्रम में सभी के द्वारा मारपीट की घटना में संलिप्त की बात स्वीकार किया गया। मृतक महेंद्र रतिया के शव को फागु बड़ाईक के बारी स्थित कुआं से निकलकर पोस्टमार्टम के लिए गुमला भेजा दिया गया । छापेमारी दल में मुख्य रूप से पुलिस निरीक्षक चैनपुर बैजू उरांव, चैनपुर थाना प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह, डुमरी थाना प्रभारी रवि कुमार, पुअनि मुकेश कुमार, आलोक कुमार, पुअनि डुमरी आफताब अंसारी, चैनपुर थाना में डुमरी थाना के सशस्त्र बल के जवान मौजूद थे।

## अबुआ आवास के चयन को लेकर की गयी बैठक



**चैनपुर/ गुमला (आजाद सिपाही)।** चैनपुर प्रखंड के चैनपुर पंचायत भवन में अबुवा आवास को लेकर पंचायत के मुखिया शोभा देवी के अध्यक्षता में विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। अबुआ आवास में लगभग चार सौ आवेदन ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन किया गया योग्य एवं अयोग्य लाभार्थियों का चुनाव प्रथमिकता के आधार पर करना है। पंचायत सचिव सतोंष यादव ने बताया कि अबुआ आवास में योग्य लाभार्थियों का चयन ग्राम सभा ले माध्यम किया जाना है। वैसे लाभार्थी जिसका नाम ऑनलाइन में नही चढ़ा है तो वरीय अधिकारी से संपर्क कर नाम जोड़वा सकते हैं। इस मौके पर उपमुखिया, वार्ड सदस्य, ग्राम प्रधान सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

## आदिम जनजाति परिवारों के लिए प्रधानमंत्री जनमन शिविर का आयोजन



**चैनपुर (आजाद सिपाही)।** चैनपुर प्रखंड के बारडीह पंचायत के कुकरुंजा गाव में आदिम जनजाति परिवारों के लिए प्रधानमंत्री जनमन के तहत विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में पेंशन, किसान क्रेडिट कार्ड, उज्वला योजना, जीवन ज्योति योजना, जल-नल योजना,से लाभांवित करने एवम अन्य योजना के बारे में जनकारी दी गई। साथ ही साथ आवेदन जमा कराया गया शिविर में प्रखंड विकास पदाधिकारी डा. शिशिर कुमार सिंह,अंचल के सी. आई जितेंद्र कुमार,आवास समन्वयक कमलेश बारला सहायक अभियंता सुमित खलखो, बी. टी. एम राजेंद्र तिर्की, उद्योग समन्वयक विमला कुमारी रोजगार सेवक रोशन लकड़ा, एस.बी.एम समन्वयक वीरेंद्र कुमार समेत ग्रामीण उपस्थित थे।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम आयोजित




**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के नरमा पंचायत सचिवालय में बुधवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत शिविर का आयोजन किया गया जहां मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी एसटी मोर्चा के प्रदेश प्रमुख भिखारी भगत , ओबीसी जिला मंत्री जगत ठाकुर ,मुखिया कमला कच्छप, पंचायत समिति सदस्य धर्मेंद्र उरांव, आदि लोगों ने शिविर का संयुक्त रूप से शुभारंभ किया। शिविर में विभिन्न विभाग के द्वारा स्टॉल लगाए गए थे जहां लोगों ने अपनी योजना से संबंधित आवेदन सौंपा मौके पर संबोधित करते हुए भिखारी भगत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश निरंतर विकास कर रहा है यहां तक की देश की हर वर्ग के नागरिकों को सम्मान मिल रहा है केंद्र सरकार के द्वारा विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही है जिससे लाभान्वित होकर आम लोग अपने जीवन को खुशहाल बना रहे हैं शिविर में आप पत्र योजनाओं से संबंधित आवेदन देकर लाभ लें। इस अवसर पर प्रशासन के पदाधिकारियों के द्वारा स्वच्छ भारत ,उज्वला योजना, पीएम किसान सम्मान निधि योजना, आयुष्मान कार्ड योजना ,पीएम वंदना योजना ,जनधन योजना, सुकन्या योजना ,कौशल विकास योजना, सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का जानकारी ग्रामीणों को दिया गया।

# पांच सौ साल के इंतजार के बाद प्रभु श्री राम का मंदिर बनकर तैयार: आशा लकड़ा

आजाद सिपाही संवाददाता



**सिसई।** भाजपा की राष्ट्रीय मंत्री सह पश्चिम बंगाल प्रदेश प्रभारी आशा लकड़ा के बुधवार को सिसई आगमन पर भाजपाइयों ने जोरदार स्वागत किया। इस दौरान कार्यकर्ताओ ने आशा लकड़ा को बाबा टांगीनाथ धाम का चित्र भेंट किया गया। इस दौरान उन्होंने केंद्र सरकार की महत्वकांक्षी योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने, विकसित भारत संकल्प यात्रा और अयोध्या में भव्य राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पूजित अक्षत वितरित करने और 22 जनवरी को उत्सव के रूप मे मनाने के लिए कार्यकत्ताओं को प्रेरित करने के लिए बुधवार को सिसई पहुंची थी। इस दौरान उन्होंने युवा मोर्चा प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी अमन यादव के आवास में संगठन के कार्यकताओं से बैठक कर आवश्यक मार्गदर्शन किया। उन्होंने कहा पांच सौ साल के इंतजार के बाद हमारे प्रभु श्री राम के जन्मस्थली अयोध्या में भव्य मंदिर बनकर तैयार हुआ है। आगामी 22 जनवरी को सभी सरना सनातनियों के घरों व देवस्थान में दीप जलाने की उन्होंने सभी से अपील किया है। लोकसभा चुनाव 2024 में 400 पार सीट के साथ तीसरी बार मोदी जी का पीएम बनना तय है। वहीं उन्होंने केन्द्र सरकार की महत्वकांक्षी योजना विश्वकर्मा समृद्धि योजना से मेहनत कश व करीगर वर्ग के लोगों को जोड़ने सहित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। मौके पर अमन यादव, सिसई मंडल अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण यादव, पुसो मंडल अध्यक्ष सुमित महली, वरिष्ठ भाजपाई लाल मोहन साहु, भैरव सिंह खेरवार, नन्द किशोर सिंह, रविन्द्र साहु, चरवा उरांव सहित कई भाजपाई मौजूद थे।

## नाच गान में गया व्यक्ति लापता

**सिसई (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के लुल्हवा गांव निवासी लक्ष्मी



नारायण यादव ने अपने छोटे भाई मोहन गोप (42) की गुमशुदगी का बुधवार को थाना में रिपोर्ट दर्ज कराकर अपने भाई को खोजने की गुहार लगाई है। आवेदन में कहा गया है कि मंगलवार की रात को गांव में नव वर्ष को लेकर डीजे बाजा बजाकर गांव के लोग नाच गान कर रहे थे। मेरा छोटा भाई भी नाच गान में शामिल था। सभी नाच गान कर रात में अपने घर चले गए। पर मेरा भाई घर नहीं लौटा। पूछताछ में ग्रामीणों ने आठ बजे रात तक नाच गान में शामिल रहने की बात बता रहे हैं किंतु काफी खोजबीन के बाद भी अभी तक भाई का पता नहीं चल पाने के कारण आवेदक ने आवेदन देकर खोजने की गुहार लगाई है।

# पौष जतरा आयोजित



आजाद सिपाही संवाददाता

**घाघरा।** प्रखंड के चपका गांव में पौष जतरा का आयोजन मंगलवार को किया गया। पहान पुजार मुन्ना पहान, चौठा पहान, बीरू पहान, लूथू पहान व बाबूलाल पन्ना पहान ने संयुक्त रूप से शंभू देवता, नंदी और घोड़ा गोसाई की पूजा अर्चना किया। इसके बाद जतरा का शुभारंभ हुआ। जतरा में खिलौने मिठाइयां की कई दुकानें सजी। मौके पर मुखिया अग्नि उरांव ने कहा कि जतरा कार्यक्रम से आपसी मेलजोल बढ़ता है लोग एक दूसरे के गांव पहुंचकर खुशी में शामिल होते हैं। वहीं मौजूद पूर्व मुखिया झरी उरांव ने कहा कि जतरा का मुख्य उद्देश्य आपसी मेल मिलाप होता है। हमें पूर्वजों के धरोहर रूपी जतरा को आगे बढ़ाने की जरूरत है। इसे संजोय के रखने की जरूरत है।वसंत ही आगे कहा पूर्वजों द्वारा बनाई गई हमारी परंपरा संस्कृति और सभ्यता की एक अलग ही पहचान है। जिसे हम सभी को निभाना है आगे बढ़ाना है। पंचायत समिति सदस्य सीमा देवी ने कहा कि जतरा कार्यक्रम होने से आपसी भाईचारगी बढ़ती है लोग एक दूसरे के साथ खुशी बांटने दूर-दूर से अपने सगे संबंधियों के घर आते हैं। वह इस मौके पर कई ग्रामीण महिला पुरुष उपस्थित थे।

## बिना किसी के घर गये एक ही जगह पर बैठ कर सर्वे करने का आरोप



**श्री बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** अबुआ आवास के लिये सर्वे के बाद पंचायत सचिवालय भोजपुर में ग्राम सभा का आयोजन प्रखंड विकास पदाधिकारी विकास कुमार की उपस्थिति में किया गया। कार्यक्रम के दौरान लगभग 750 प्राप्त आवेदन के आलोक में सर्वे के बाद लगभग 300 लोगो का नाम आवास के लिए चयनित किया गया चयनितों के नाम को सुनने के बाद उपस्थित ग्रामीणों ने सर्वे कर्ताओ पर बिना किसी के घर गये एक ही जगह पर बैठ कर सर्वे करने का आरोप लगाते हुए हंगामा करने लगे।ग्रामीणों का आरोप था कि वैसे लोगो को सूची में शामिल किया गया है जिनके पास पहले से ही पक्का आवास है ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि भोजपुर में एक दर्जन से अधिक दिव्यांग तथा दर्जनो ग्रामीण ऐसे है जिन्हें आवास मिलना चाहिये लेकिन उनमें से किसी का नाम चयनित सूची में नही है।सभी के आरोपो को सुनने के बाद प्रखंड विकास पदाधिकारी विकास कुमार ने ग्रामीणों से कहा की चयनित ग्रामीणों की सूची आपको सुना दिया गया है आपको किसी के नाम से आपत्ति हो या फिर जो योग्य ग्रामीण है उनका नाम सूची में नही है तो ग्रामीण लिखित रूप से अपना आवेदन मुझे दे उन्होंने कहा कि दिये गये सभी दावा आवेदन तथा आपत्ति आवेदनों की जांच मैं स्वयं करूँगा।ग्राम सभा मे प्रखंड समन्वयक प्रधानमंत्री आवास स्नेहा सिंह,पंचायत सचिव बिरेन्द्र सिंह, गोपाल यादव, देवेंद्र कुमार यादव, अनिल पासवान,शांति देवी ,मंजू देवी, सुदेश्वर विश्वकर्मा, संतोष शर्मा, विनोद चंद्रवंशी, दिनेश शर्मा, चंदू पासवान, मनीष प्रसाद यादव, राजू गुप्ता सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# पुआल में आग लगाने वाला युवक गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**सिसई।** थाना क्षेत्र के लट्ठदाग गांव निवासी रिजवान अंसारी (30) को गिरफ्तार कर बुधवार को जेल भेज दिया गया। इस बावत थानेदार मीनकेतन कुमार ने बताया कि रिजवान के विरुद्ध हौवा उरांव को मारकर बेहोश करने, इमरोज अंसारी व मुकेश महली के पुआल जलाने और पुनई उरांव के पुआल को जलाने का प्रयास करने को लेकर लठदाग गांव निवासी इमरोज अंसारी ने केस दर्ज कराया है। दर्ज केस के अनुसार बीते सोमवार को रिजवाना पहले इमरोज का पुवाल में आग लगाया, जिसके बाद हौवा महली (65) को बेवजह लात-घूंसे से मारकर बेहोश कर गांव से फरार हो गया। कुछ देर बाद शाम को फिर वह गांव आया और मुकेश महली के पुवाल में आग लगा कर पुनई उरांव के पुआल में आग लगने का प्रयास कर रहा था। इसी दौरान ग्रामीणों ने उसे देख लिया और पकड़ने के लिए दौड़ाया पर वह अंधेरा का लाभ उठाकर फरार हो गया। गांव में दो दो जगह आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। दोनों का पुआल जलकर खाक हो गया। रिजवान कभी भी गांव का महौल बिगड़ सकता है।

## घरेलू विवाद में महिला ने किया कीटनाशक का सेवन, गंभीर

**गुमला (आजाद सिपाही)।** कामडारा थाना क्षेत्र अंतर्गत रेडवा निवासी 18 वर्षीय संती जोजो ने मंगलवार की रात कीटनाशक का सेवन कर लिया हालत खराब होने पर परिजन उसे निजी वाहन से लेकर सदर अस्पताल पहुंचे जहां चिकित्सकों ने उसका उपचार किया। प्राप्त जानकारी जानकर के अनुसार पति-पत्नी मंगलवार को गांव में ही मेला देखने गए थे वहीं रास्ते में किसी बात को लेकर दोनों में विवाद हो गया घर पहुंचने के बाद पत्नी में ने घर में रखें फसलों पर छिड़काव करने वाला कीटनाशक का सेवन कर लिया। जिससे उसकी हालत खराब होने लगी तत्काल परिजन उसे लेकर सदर अस्पताल पहुंचे जहां उसका इलाज चल रहा है वही उसका 6 माह का एक बच्चा भी है।

# डीएवी में स्कूल हेल्थ एंड वेलनेस कार्यक्रम का हुआ समापन

आजाद सिपाही संवाददाता




**गुमला।** डीएवी पब्लिक स्कूल गुमला में सीबीएसई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस पटना के द्वारा स्कूल हेल्थ एंड वेलनेस विषय पर आयोजित दो दिवसीय कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम का समापन हो गया। विद्यालय प्रधानाचार्य डॉ रमाकांत साहू ने कहा कि सेमिनार में सीखी गई बातों को कक्षाओं में अमल में लाएँगे। साथ ही विद्यार्थियों के भावनात्मक पक्ष को समझ कर उनकी समस्याओं का निराकरण करेंगे। रिसोर्से पर्सन एसआर डीएवी पुंदाग की श्रीमती इंदु प्रसाद ने न्यूट्रिशन, हेल्थ एंड सेनिटेशन विषय पर प्रस्तुति दी। उन्होंने 7सी अर्थात चेक, क्लीन, कवर, क्रास कंटामिनेशन, कुक, कुल एंड चिल, कंज्यूम की जानकारी दी। ब्राइटलैंड पब्लिक स्कूल डाल्टनगंज की श्रीमती रवीना कुमारी ने हेल्दी लाइफस्टाइल विषय पर केस स्टडी के माध्यम से चर्चा की। प्रतिभागियों को कई तरह की एक्टिविटीज भी कराई गई। इस कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम में डीएवी गुमला एवं संत मेरिज सिमडेगा के लगभग 55 शिक्षक शिक्षिकाओं ने भाग लिया।

# 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ के दूसरे दिन देवी देवताओं का किया गया आह्वान

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में गायत्री परिवार महिला मंडल डुमरडीह, गुमला में बुधवार को महावीर मंदिर प्रांगण में अखंड विश्वशांति,राष्ट्र में भाईचारगी, स्वस्थ राष्ट्र के निर्माण,वैश्विक महामारी से छुटकारा दिलाने व नारी शक्ति के उत्थान के उद्देश्य को लेकर नारी सशक्तिकरण 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ 2023-24 के द्वितीय दिन शांतिकुंज हरिद्वार से आए हुए टोली के टोली नायक-संदीप पाण्डे, संगीतज्ञ-जय सिंह, तबला वादक- महेश मार्कन सहयोगी- धर्मेंद्र सोलंकी के द्वारा मंत्रोच्चार के साथ प्रातः 09 बजे से यज्ञ मंडप का पूजन, चारों दिशाओं में कलश की स्थापना एवं यज्ञ-हवन करते हुए 33 कोटी देवी-देवताओं का आह्वाहन किया गया। इसके पश्चात आरती किया गया एवं उपस्थित भक्त जनों के बीच अमृतासन महाप्रसाद का वितरण किया गया। संध्याकालीन कार्यक्रम में संध्या 6 बजे से संगीत व प्रवचन के माध्यम से लोगों को व्यभिचार से दूर रहने एवं शिक्षित समाज का निर्माण में जन-जन का सहयोग देने की सहयोगी बनने का आह्वान किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से सरस्वती देवी,लक्ष्मी विश्वकर्मा, ब्रह्मदेव जी,अशोक साह, विजय कुमार साहू,परिवार्जक प्रमोद कुमार साहनी व बलिराम भगत,पल्लव अभिषेक,प्रमोद सिंह, शकुंतला साहू, हीरा देवी, रामनेती देवी, चांदनी सिंह, ओम प्रकाश शर्मा, मीडिया प्रभारी सुनील कुमार दास, राधा देवी, शशि भूषण भगत, संदीप स्वरूप उपस्थित थे।

# केंद्र हिट एंड रन मामले में विरोध के प्रति सकारात्मक रखे नजरिया: विजय

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** झारखंड नवनिर्माण दल के केंद्रीय संयोजक विजय सिंह ने केंद्र सरकार द्वारा लाई गई हिट एंड रन मामले पर मोदी सरकार से कहा है कि विरोध का सम्मान करते हुए सकारात्मक दृष्टि से केंद्र सरकार को देखना चाहिए और कानून पर पुनर्विचार करते हुए हिट एंड रन कानून को व्यावहारिक बनाने की भी मांग श्री सिंह ने की है। उन्होंने यह भी कहा है कि देश में कानून के खिलाफ विरोध प्रदर्शन को देखते हुए लगता है कि कानून व्यावहारिक नहीं है। केंद्र सरकार कभी मजदूरों पर तो कभी किसानों पर कानून थोपने का प्रयास करती रही है। ड्राइवर एक मेहनतकश वर्ग है और उन पर भारी भरकम आर्थिक दंड व 10 साल की सजा का प्रावधान उन पर अन्याय करने के समान है। केंद्र सरकार हिट एंड रन कानून को अमल में लाने के पहले इसे गंभीरता से ले और पुनर्विचार कर न्याय संगत कानून देश हित में बनाने की भी मांग झारखंड नवनिर्माण दल ने की है।

